an>

Title: Regarding fly ash dust menace in Singhbhum Parliamentary Constituency of Jharkhand.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : महोदया, मैं झारखंड राज्य के सिंहभूम लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ। मेरे लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गम्हरिया प्रखंड पदमपुर गाँव के कान्ड्रा में स्थित आधुनिक पावर नेचुरल रिसोंसेस कम्पनी से निकलने वाले हानिकारक फ्लाइ ऐश डस्ट युक्त पानी, जो रुक्वा पंचायत एवं बुरूडीह पंचायत के सीमा क्षेत्र में बहने वाले प्राकृतिक झरना में बने 9 चेक डेम में पूरी तरह से भर गया है। फ्लाइ ऐश डस्ट हवा, पानी व मिट्टी को बुरी तरह से दूÂिषत करता है, जिसके कारण बुरे परिणाम निकलते हैं।

गौरतलब है कि उपरोक्त चेक डेम से बने सुन्दरपुर, मोहनपुर और शिवपुर में करोड़ों रूपए की लागत से सिंचाई (माइक्रोलिफ्ट इरिगेशन) भी पूरी तरह से चरमरा गई है। इस सन्दर्भ में यथाशीघ्र गम्हरिया प्रखंड की जनता के जीवन के बचाव हेतु इस फ्लाइ ऐश डस्ट युक्त पानी को फैलने से रोकना, झरने की व्यापक सफाई हेतु समुचित कदम उठाना व सिंचाई व्यवस्था भी सुचारू रूप से सुनिश्चित हो, इसकी व्यवस्था करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही यह जानलेवा डस्ट उस क्षेत्र में स्वच्छ पानी को पूरी तरह से प्रभावित कर रही है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूँ कि आधुनिक पावर नेचुरल रिसोंसेस कम्पनी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री चन्द्र प्रकाश जोशी और कुँवर पुष्पÂपेन्द्र सिंह चन्देल को श्री लक्ष्मण गिलुआ जी द्वारा उठाए गए विषÂाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।